# मंगोलिया के राष्ट्रपति, महामहिम खुरेलसुख उखना के सम्मान में आयोजित भोज में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण

**राष्ट्रपति भवन: 14 अक्टूबर, 2025**

आज भारत की पहली राजकीय यात्रा पर, महामहिम राष्ट्रपति जी और आपके प्रतिनिधिमंडल के विशिष्ट सदस्यों का राष्ट्रपति भवन में स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

आपकी राजकीय यात्रा ऐतिहासिक महत्व के ऐसे क्षण में हो रही है, जब भारत और मंगोलिया अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह केवल एक कूटनीतिक उपलब्धि नहीं है बल्कि यह सदियों से हमारे लोगों को जोड़ने वाले एक प्राचीन आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत बंधन का उत्सव है।

नालंदा की शिक्षा परंपरा और बौद्ध धर्म के सभ्यतागत मूल्य ऐसे शाश्वत बंधन हैं, जिन्होंने हमें औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित होने से बहुत पहले ही 'आध्यात्मिक पड़ोसी' यानि 'spiritual neighbours' बना दिया था। इन वर्षों में, हमारा संवाद एक Strategic Partnership के रूप में विकसित हुआ है जिसमें राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, सुरक्षा और बहुपक्षीय क्षेत्रों में सहयोग शामिल है।

हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध हमारे संबंधों की सबसे मज़बूत नींव बने हुए हैं। पिछले एक दशक में, भारत और मंगोलिया ने बौद्ध संबंधों को पुनर्जीवित और मज़बूत करने के लिए सार्थक कदम उठाए हैं। भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी से लेकर मंगोलियन पांडुलिपियों के re-printing और भारत में मंगोलियन भिक्षुओं के प्रशिक्षण तक अनेक महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं।

Development partnership हमारे आर्थिक संबंधों का मूल है। भारत की line of credit से समर्थित oil refinery project, मंगोलिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। हम 'Atal Bihari Vajpayee Centre of Excellence in IT and Outsourcing' एवं 'India Mongolia Friendship School' जैसे capacity building projects के माध्यम से मंगोलिया के human capital को बढ़ाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

भारत और मंगोलिया बहुपक्षीय मंचों पर भी एक साथ खड़े हैं, जो हमारे साझा मूल्यों पर आधारित है। हम एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और rules-based Indo-Pacific के लिए एक समान दृष्टिकोण साझा करते हैं तथा हम Global South की आवाज़ को बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करते हैं।

देवियो एवं सज्जनो,

भारत और मंगोलिया के बीच गहरा सांस्कृतिक संबंध है। भारत की तरह आपके देश में भी कला, संगीत, भाषा और भोजन की अनमोल परंपराओं को भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जा रहा है। मुझे आशा है कि आज मंगोलिया से आए हमारे मित्र, भारत की सांस्कृतिक परंपराओं के सुर और स्वाद का आनंद ले पायेंगे।

भारत और मंगोलिया strategic partners, 'Third Neighbours', और आध्यात्मिक दृष्टि से एक दूसरे के निकट पड़ोसी हैं। हमारा साझा इतिहास हमें प्रेरित करता है और हमारा साझा vision हमें भविष्य के लिए एक साथ जोड़ता है।

महामहिम, आपकी राजकीय यात्रा हमारी साझेदारी में एक नया अध्याय शुरू करेगी - जो हमारे लोगों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगी, हमारे विकासात्मक और रणनीतिक सहयोग को प्रगाढ़ करेगी तथा वैश्विक मंचों पर हमारी भागीदारी को मजबूत करेगी। भगवान बुद्ध का आशीर्वाद हमारे सदियों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और लोगों के बीच संबंधों को पोषित करता रहेगा।

इन्हीं शब्दों के साथ, महामहिम, देवियो एवं सज्जनो, आइए हम सब मिलकर:

- महामहिम राष्ट्रपति जी के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण,
- मंगोलिया के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि, तथा
- भारत और मंगोलिया के बीच मित्रता को हमेशा बनाये रखने के लिए,

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

धन्यवाद।

***